
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 20 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 286 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महिलाओं को जबरदस्ती सेक्स रैकेट में धकेल देता था ये शख्स... पुलिस ने मॉल में दी दबिश,दो को कराया मुक्त



**नालासोपारा।** पालघर जिले के नालासोपारा में पुलिस ने महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 15 मार्च को मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट की मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) की नालासोपारा इकाई के अधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी की। एएचटीसी के वरिष्ठ निरीक्षक संतोष चौधरी ने बताया, 'पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कुछ महिलाओं को देह-व्यापार के धंधे में धकेल रहा है। जिसके बाद पुलिस ने नालासोपारा नाके से आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।'

# मनपा स्कूलों में बच्चो की संख्या बढ़ी !

### बच्चो को दी जाने वाली सामग्री का बढ़ा खर्च... इस साल खर्च होने 52 करोड़



**मुंबई।** मनपा प्रशासन द्वारा सीबीएससी और आईसीएससी सहित कैम्ब्रिज बोर्ड के स्कूल शुरू करने से मनपा स्कूलों में लगभग एक लाख बच्चो की संख्या बढ़ गई है। बच्चो किओ संख्या बढ़ने से मनपा प्रशासन द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली 27 सामग्री का खर्च भी बढ़ गया है। मनपा बच्चो को सामग्री उपलब्ध करने के लिए 52 करोड़ का ठेका दिया है जो कि पिछले साल के मुकाबले साढ़े बारह करोड़ अधिक है। बता दे कि लेटलतीफी के लिए जानी जाने वाली मनपा ने वर्ष 2023-24 के शिक्षा सत्र के लिए विद्यार्थियों को दिए जाने वाली सामग्री को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मनपा ने दो अलग-अलग प्रस्ताव के जरिए विद्यार्थियों के लिए सामानों की खरीदी के लिए मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल से मंजूरी मांगी है। मनपा वर्ष 2007 से अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को 27 प्रकार की वस्तु स्कूल उपलब्ध कराती है। इसमें स्कूली किताबों के साथ-साथ छात्रों को स्कूल बैग, छाते, रेनकोट, वॉटर बॉटल, पेंसिलें, बुक और यूनिफॉर्म सहित अन्य सामग्री शामिल होती है। यह सामान जून में स्कूल के खुलने के पहले दिन विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने का नियम है। लेकिन अक्सर समय पर सामान विद्यार्थियों को नहीं मिल पाता है।मनपा ने इस साल बच्चो को सामग्री उपलब्ध कराने के लिए 52 करोड़ का ठेका दिया है। इस साल पिछले साल की अपेक्षा बच्चो की संख्या बढ़ने के कारण सामानो की अधिक खरीदी करेगी जिससे इस साल साढ़े बारह करोड़ का अधिक खर्च हो रहा है। मनपा शिक्षा अधिकारी राजेश कंकाल ने कहा कि इस साल विद्यार्थियों को स्कूल के पहले ही सभी सामान उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

# सेराजेम इंडिया ने घाटकोपर में 10वां ड्रीम स्कूल पूरा किया




**अफजल शैख**

17 मार्च 2023 को सेराजेम इंडिया ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के एक हिस्से के रूप में रमाबाई सहकार नगर म्युनिसिपल मराठी स्कूल - नंबर 2, घाटकोपर ईस्ट, मुंबई में 10वां ड्रीम स्कूल प्रोजेक्ट (आईटी लैब इंस्टालेशन) पूरा किया। सेराजेम इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सूक बॉन्ग ने कहा कि उन्होंने 2016 में "बच्चों का भविष्य भारत का भविष्य है" के नारे के साथ अपनी दीर्घकालिक सीएसआर गतिविधि शुरू की और 100 से अधिक के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करेगी , भारत में ड्रीम स्कूल। सेरेजेम इंडिया ने आईटी लैब इंस्टॉलेशन प्रदान किया है जिसमें कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, स्क्रीन के साथ प्रोजेक्टर, टीचर डेस्क, चेयर, पेडस्टल यूनिट, कैबिनेट, चेयर, आईटी लैब का पुनर्निर्माण, डेस्क फर्निशिंग और अन्य विविध सहायता शामिल है। दक्षिण- कोरिया स्थित कंपनी सेराजेम ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत स्कूल में आईटी लैब स्थापित की, और शुक्रवार को एक समारोह के दौरान स्कूल अधिकारियों को सुविधाएं सौंपी। यह समारोह में श्री केओ सुक बोंग (सीईओ, सेराजेम इंडिया), श्री कांग हो चान (सेराजेम इंडिया, वीपी), श्री ली हो बूटिन (एमडी), श्री सज्जन राणा (सेराजेम इंडिया, एमडी), श्री संजय अवस्थी (सेराजेम इंडिया, एमडी), श्री रवींद्र शेडगे (सेराजेम इंडिया, जेडडी), श्री सुरेश जैन ( ऑनर घाटकोपर), सीमा सरोज (ऑनर कुर्ला), श्रीमती. ज्योति बकाने (शिक्षा अधीक्षक- ईएस), पांडुरंग भोये (बीट ऑफिसर), सुजाता हुलवान (बीट ऑफिसर), सुलोचना मधुकर हिले (प्रिंसिपल) और अन्य सेरेजम प्रतिनिधि मौजूद थे।

# ओबीसी समुदाय के मामले में कल्याण जिला कांग्रेस कमेटी ने की तहसीलदार से मुलाकात

**कल्याण :** ओबीसी समुदाय की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस आक्रामक हो रही है और इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कल्याण जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी मंडल अध्यक्ष जयदीप सानप ने कल्याण के तहसीलदार से मुलाकात कर उनके माध्यम से कलेक्टर और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया। इस दौरान चेतावनी भी दी गई हैं कि ओबीसी समुदाय की मांगों को मान लिया जाए नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

ओबीसी की विभिन्न मांगें राज्य और केंद्र सरकार के पास लंबित हैं और इसमें महाराष्ट्र राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू की जानी चाहिए। बिहार राज्य की तरह महाराष्ट्र में भी ओबीसी की जातिवार जनगणना की जानी चाहिए। ओबीसी, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े विभिन्न विभागों के ऋण माफ किए जाएं और सरकारी विभागों और अदालतों में लंबित मामलों को तुरंत वापस लिया जाए। महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले और अन्नाभाऊ साठे को भारत रत्न पुरस्कार की घोषणा होनी चाहिए।




### 15 मई से पूरे महाराष्ट्र में आंदोलन

महाविकास अघाड़ी के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए जिला स्थलों पर सरकारी छात्रावास प्रारंभ करने के निर्णय को तत्काल लागू किया जाए। इस समय केंद्र और राज्य सरकारों से इन मांगों पर अमल करने और उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। इस दौरान चेतावनी दी गई कि अगर ये मांगें नहीं मानी गई तो महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग 15 मई से पूरे महाराष्ट्र में आंदोलन करेगा। ज्ञापन देने के दौरान जिला अध्यक्ष जयदीप सानप, राजा जाधव कल्याण शहर अध्यक्ष, गिरीश जाधव, विनोद शिंपी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : सोमवार, 20 मार्च 2023





## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### ग्रामीण विकास की शर्त...

पिछले दिनों हरियाणा में विकास कार्यों में ई-टेंडरिंग के दायरे तथा अन्य मुद्दों को लेकर सरपंच सरकार से टकराव के मूड में नजर आये। यहां तक कि यह विरोध सड़कों तक में नजर आया। ऐसे वक्त में जब अगले साल आम चुनाव हैं और फिर राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे, सरकार छोटी संसदों के नुमाइंदों से टकराव लेने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगी। फिर आंदोलनकारी सरपंचों के मान-मनौव्वल की कोशिश भी हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कालांतर घोषणा की कि पांच लाख रुपये तक के विकास कार्य ई-टेंडरिंग से मुक्त होंगे। साथ ही सरपंचों व पंचों का मानदेय भी बढ़ाया गया है। दरअसल, ग्रामीण विकास से जुड़ी छोटी इकाइयों के जरिये होने वाले विकास में पारदर्शिता के सरकार के प्रयासों को सरपंचों ने अपने अधिकारों का अतिक्रमण माना। इसमें दो राय नहीं कि विकास कार्यों में पारदर्शिता के लिये इलेक्ट्रॉनिक वित्तीय प्रणाली के उपयोग से सार्थक परिणाम सामने आये हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनुशासन के लिये यदि ई-टेंडरिंग का क्रियान्वयन होता है तो उसे किसी के अधिकारों व ईमानदारी पर सवाल नहीं माना जाना चाहिए। यह वित्तीय पारदर्शिता की आवश्यक शर्त भी है। सरकार कह भी चुकी है कि करीब ग्यारह सौ पूर्व सरपंचों ने अभी तक अपने गांव के विकास रिकॉर्ड नहीं सौंपे हैं। बताते हैं कि इस बाबत हुई जांच में दलील दी गई कि रिकॉर्ड जल गये, गंदे हो गये या बह गये। निस्संदेह, ऐसे तर्क कई सवालों को जन्म देते हैं और इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया से वित्तीय अनुशासन की जरूरत बताते हैं। निस्संदेह, ग्रामीण विकास से जुड़े वित्तीय व्यवहार का रिकॉर्ड सावधानी पूर्वक रखा जाना चाहिए। इस प्रक्रिया में जहां सरपंचों की जवाबदेही बनती है, वहीं ग्रामीणों के स्तर पर जागरूक व्यवहार किये जाने की उम्मीद की जानी चाहिए। कई बार नागरिकों की तटस्थता और उदासीन व्यवहार से अनियमितताओं को बढ़ावा मिलता है। विकास कार्यों के रिकॉर्ड के बाबत दी गई दलीलें इस बात को और जरूरी बनाने पर बल देती हैं।

निस्संदेह, इस तरह के गैरजिम्मेदार वित्तीय व्यवहार के आलोक में सरपंचों की मांगें कई सवालों को जन्म देती हैं। खासकर विकास निधि के उपयोग के उन तरीकों को लेकर जिनमें सुधार की मांग की जा रही थी। दरअसल, सरपंच दो सुधारात्मक कदमों को वापस लेने की मांग करते रहे हैं। पहली यह कि विकास कार्यों के लिये ई-निविदा प्रक्रिया सीमित स्तर तक ही हो। निस्संदेह, ई-निविदा प्रक्रिया विकास कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही लाने के मकसद से ही शुरू की गई थी। दूसरा, वे वापस बुलाने के उस अधिकार को खत्म करना चाहते थे, जिसमें सरपंच के कार्य प्रदर्शन से खुश न होने पर उसे वापस बुलाने का प्रावधान है। दरअसल, दिसंबर 2022 में विधानसभा में हरियाणा लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरिपाल वर्मा की रिपोर्ट के आलोक में इन सुधारों को लागू करने पर बल दिया गया था। कई मामलों में पंचायतों के वित्तीय व्यवहार से जुड़े अभिलेख गायब पाये गये थे। ये वे अभिलेख थे जो सरंपचों के संरक्षण में होते हैं। दरअसल, पंचायती राज संस्थाओं की वर्ष 2017-18 की ऑडिट रिपोर्ट ग्रामीण स्तर पर चल रही अनियमितताओं का खुलासा करती है। जिसमें अनियमित व्यय तथा बही खातों में त्रुटियों का उल्लेख है। इसमें कई गांवों में विकास कार्यों में हुई धांधलियों का जिक्र है। कुछ मामलों में ग्राम सचिव की भूमिका भी संदिग्ध पायी गई। इन घटनाओं के आलोक में इस बात की जरूरत महसूस की जाती है कि ग्रामीण विकास के मानकों के निर्धारण और उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता की समय-समय पर जांच की जाती रहे। इन कार्यों का समय-समय पर मूल्यांकन होना चाहिए। यदि किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन होता है या आर्थिक मामलों में कदाचार की पुष्टि होती है तो सख्त कार्रवाई अपरिहार्य ही है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि ग्रामीणों के स्तर पर भी विकास कार्यों के अवलोकन व सजगता की जरूरत महसूस की जा रही है। राजनीतिक कारणों के चलते कई बार ऐसे मामलों पर आंख मूंद ली जाती है। ऐसे में नियमित जनता ऑडिट विकास कार्यों की शुचिता बनाये रखने में सहायक होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# शिक्षक ने छात्र के साथ किया दुष्कर्म, मामला दर्ज...

## पीड़िता की मां ने कहा- पुलिस कर रही परेशान

**मुंबई :** मुंबई के जोगेश्वरी में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 16 साल के छात्रा के साथ उसके स्कूल के शिक्षक ने दुष्कर्म कर दिया। इस मामले में जब पीड़िता की मां ने शिकायत करने जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन पहुंची तो उन्हें वनरई पुलिस थाना जाने के लिए कहा गया, लेकिन वहां भी शिकायत दर्ज नहीं की गई और उन्हें नालासोपारा जाने के लिए कह दिया गया। इस मामले में नालासोपारा में एफआईआर दर्ज हुई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

एफआईआर दर्ज होने और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी पीड़िता और उसकी मां की मुश्किलें कम नहीं हुई है। नालासोपारा पुलिस स्टेशन के पुलिस कर्मी उन्हें हर रोज बयान दर्ज करने और मेडिकल टेस्ट कराने के लिए बुला रहे हैं। पुलिस प्रक्रियाओं में पूरा दिन बर्बाद हो जाता है। पीड़िता की मां जोगेश्वरी के विभिन्न फ्लैटों में घरेलू काम




करती है। ऐसे में पुलिस थाना के चक्कर काटने के लिए उनके पास पैसा और समय नहीं है। पीड़िता की मां की गुहार है कि पुलिस कर्मचारी जोगेश्वरी आकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करें। उनके अनुसार, उनकी बेटी पहले ही सदमे में है और उसे अपनी एसएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एकाग्रता की जरूरत है।

पीड़िता की मां ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के मेडिकल परीक्षण के लिए उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए पैसे मांगे और टेस्ट किट, दस्ताने और मेडिकल किट खरीदने के लिए कहा। उन्होंने इसके पैसे चुकाए भी, हालांकि बाद में नालासोपारा के वरिष्ठ निरीक्षक विलास सुपे से शिकायत करने पर उन्हें पैसे वापस मिल गए। पीड़िता की मां ने यह भी आरोप लगाया कि वह नालासोपारा जाने में असुरक्षित महसूस करती हैं। आरोपी के रिश्तेदार उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। वह पैसे देकर उसे खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। उनके अनुसार कुछ पुलिस कर्मचारियों की भी उनसे मिलीभगत है।

इस घटनाक्रम पर सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील आभा सिंह का कहना है कि प्रक्रिया के अनुसार, पुलिस को पीड़िता को नालासोपारा बुलाने के बजाय उसका बयान दर्ज करने के लिए उसके घर जाना चाहिए। और इसमें जरूरत पड़ने पर एनजीओ की सहायता लेनी चाहिए। मेडिकल जांच में भी दुष्कर्म पीड़िता की सुविधा का ख्याल रखा जाना चाहिए।

## पत्नी की हत्या के आरोपी एवं परिवार के पांच सदस्यों को अदालत ने किया बरी

**ठाणे।** ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति और उसके परिवार के पांच सदस्यों को दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोप से बरी कर दिया है। अदालत ने 2014 के इस मामले में आरोपियों को संदेह का लाभ दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रचना आर. तेहरा की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा है। अदालत ने 13 मार्च को आदेश पारित किया था, जो शनिवार को उपलब्ध हुआ।

पीड़िता ने व्यक्ति से 2005 में शादी की थी। व्यक्ति की आयु वर्तमान में 43 वर्ष है।

आदेश में कहा गया है कि अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि विवाह के बाद पीड़िता दो बेटियां और एक बेटा है। आदेश में कहा गया कि अभियोजन पक्ष के अनुसार शादी के एक साल बाद से ही महिला के ससुराल वाले उसके साथ बुरा बर्ताव करने लगे और जमीन खरीदने के लिए उसके माता-पिता से 10 लाख रुपये की मांग को लेकर उसे (महिला) शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। अभियोजन पक्ष ने यह भी कहा कि आरोपियों ने मार्च 2014 में रंजनोली नाका के पास एक 'दुपट्टे' की मदद से महिला का गला घोंट दिया और उसके शव को एक बोरे में डालकर एक नाले में फेंक दिया। बचाव पक्ष की ओर से पेश वकील एम.जेड शेख और नदीम खान ने दावे का विरोध किया और दलील दी कि पीड़िता की मौत में आरोपियों की कोई भूमिका नहीं

## आदित्य ठाकरे को मनसे देगी चुनौती

### वर्ली विधानसभा से लड़ सकते हैं संदीप देशपांडे



**मुंबई।** शिवसेना (ठाकरे गुट) के नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे वर्ली विधानसभा के विधायक हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव यानी 2024 के चुनाव में मनसे इस सीट पर आदित्य ठाकरे को चुनौती दे सकती है। बताया जा रहा है कि मनसे नेता और पूर्व पार्षद संदीप देशपांडे इस सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि संदीप देशपांडे ने वर्ली विधानसभा के लिए मोर्चा बनाना शुरू कर दिया है। संदीप देशपांडे ने रविवार को वर्ली में बीडीडी पुनर्विकास के निवासियों के साथ बातचीत की। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में रहवासी मौजूद रहे। बता दें कि आदित्य ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान इस निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। यह कई सालों से शिवसेना का गढ़ रहा है। साल 1990 से लेकर 2009 तक शिवसेना के दत्ताजी नलावडे यहां से विधायक थे। उसके बाद इस सीट से सचिन अहीर ने जीत हासिल की थी। वहीं 2014 में यह सीट फिर से शिवसेना के पास है। शिवसेना



## यात्रियों से भरी बस पलटी, पांच घायल

**मुंबई।** मुंबई से बेंगलुरु जा रही एक निजी बस पुणे के बावधन में सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में 5 यात्री घायल हो गए. जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार रात करीब 11 बजे बावधन स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के समीप मुंबई से बेंगलुरु की ओर जाने वाली निजी बस में 36 यात्री सवार थे. इसी दौरान चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया और बस सर्विस रोड पर पलट गई। इस घटना में पांच यात्री घायल हो गए। इन सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज शुरू किया गया. अधिकारियों ने कहा कि इस दुर्घटना के कारण ट्रैफिक जाम भी हो गया था जिसके बाद पुलिस ने किसी तरह से ट्रैफिक जाम को हटवाया।

## करीब एक लाख लोगों को दी गई इन्फ्लुएंजा की डोज




**मुंबई।** राज्य में इस समय तेजी से बढ़ रहे 'एच3एन2' से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए टीकाकरण पर जोर दिया जा रहा है और वर्ष 2022-23 में प्रदेश में एक लाख टीकों का वितरण किया जा चुका है, जिसमें से अब तक 99 हजार 778 लोगों को यह डोज दी जा चुकी है। साल 2015 से राज्य सरकार की ओर से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को स्वैच्छिक एवं निःशुल्क इन्फ्लुएंजा टीकाकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में यह टीका दूसरी और तीसरी तिमाही में गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप वाले लोगों और स्वास्थ्य कर्मियों को दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए एक लाख वैक्सीन की मात्रा खरीद कर उसका वितरण किया। इनमें से अब तक 99 हजार 778 लोगों को इन्फ्लूएंजा का टीका लगाया जा चुका है। सर्वाधिक 43 हजार 115 टीके पुणे परिमंडल में वितरित किये गए हैं और वे सभी टीके संबंधितों को दिये जा चुके हैं। उसके तहत ठाणे सर्कल में अब तक 28 हजार 400 खुराक बांटी गई है, जिसमें से 28 हजार 250 लोगों को खुराक दी जा चुकी है, तो वहीं अकोला और कोल्हापुर सर्कल में सबसे कम 1400 वैक्सीन डोज बांटे गए हैं। इन दोनों मंडलों में नागरिकों को सारी खुराक दी जा चुकी है। साथ ही नाशिक मंडल में 4950 में से 4945 और लातूर मंडल में 6050 में से 5983 खुराक नागरिकों को दी जा चुकी है। गौरतलब है कि इन्फ्लूएंजा के दो उपप्रकार 'H1N1' और 'H3N2' हैं। इन्फ्लुएंजा से संक्रमित मरीजों का पता लगाने के लिए राज्य सरकार के विभिन्न अस्पतालों से अब तक 2 लाख 56 हजार 624 लोगों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 567 मरीज संक्रमित पाए गए हैं।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ एक आरोपी गिरफ्तार

### दो महिलाओं को कराया गया मुक्त

**नालासोपारा।** पालघर जिले के नालासोपारा में पुलिस ने महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 15 मार्च को मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट



की मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) की नालासोपारा इकाई के अधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी की। एएचटीसी के वरिष्ठ निरीक्षक संतोष चौधरी ने बताया, 'पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कुछ महिलाओं को देह-व्यापार के धंधे में धकेल रहा है। जिसके बाद पुलिस ने नालासोपारा नाके से आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।' पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक स्थानीय मॉल में छापा मारा और दो महिलाओं को देह-व्यापार के धंधे से मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि वालीव पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया।

# कम समय में होगी विरार-मुंबई की यात्रा

## वैतरणा और भायंदर खाड़ी पर तीन नए पुलों का होगा निर्माण

**विरार।** मुंबई से सटा एक जिला है पालघर। यहां से रोजाना लाखों लोग नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में मुंबई आते-जाते हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई को पालघर, वसई और विरार से जोड़ने के लिए वैतरणा और भायंदर की खाड़ी के पास तीन नए पुलों के निर्माण का निर्देश दिया है। बता दें कि पर्याप्त संचार सुविधाओं के अभाव में वसई-विरार से मुंबई आने के लिए लोकल ट्रेन के अलावा सड़क मार्ग है, लोकल ट्रेनों में काफी भीड़ होती है और सड़क मार्ग की खस्ताहाल होने के कारण इसमें समय और ईंधन की बर्बादी होती है। वहीं भायंदर खाड़ी पर बना पुल 22 साल से



ठप है। इस संबंध में वसई-विरार के विधायकों और प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और शहर की स्थिति से अवगत कराया। इस बैठक में नालासोपारा के विधायक क्षितिज ठाकुर, बोईसर राजेश पाटिल, मुख्यमंत्री कार्यालय के महानिदेशक राधेश्याम मोपलवार और अपर सचिव भूषण गगरानी उपस्थित थे। इस बैठक में भायंदर और नायगांव के बीच मेट्रो रेल के किनारे अतिरिक्त क्रीक ब्रिज और वर्सोवा-विरार-पालघर समुद्री पुल के निर्माण की मांग की गई थी। विधायक ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि इन तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं से मुंबई महानगर क्षेत्र और दक्षिण गुजरात के बीच पुलों को जोड़ने और संचार सुविधा में मदद मिलेगी। शहर में 7 नई सड़क परियोजनाएं और 12 नए फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं। विधायक क्षितिज ठाकुर ने भी उनके कार्यों में तेजी लाने की मांग की, इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने एमएमआरडीए, एमएसआरडीसी, एमएमबी और महारेल जैसी परियोजनाओं को लागू करने वाले संबंधित संगठनों को उपाय करने का निर्देश दिया।

# ठाणे में कोर्ट ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोपी को किया परिवार सहित बरी

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति और उसके परिवार के पांच सदस्यों को दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोप से बरी कर दिया है। अदालत ने 2014 के इस मामले में आरोपियों को संदेह का लाभ दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रचना आर. तेहरा की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा है। अदालत ने 13 मार्च को आदेश पारित किया था, जो शनिवार को उपलब्ध हुआ। पीड़िता ने व्यक्ति से 2005 में शादी की थी। व्यक्ति की आयु



वर्तमान में 43 वर्ष है। आदेश में कहा गया है कि अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि विवाह के बाद पीड़िता अपने पति और ससुराल वालों के साथ मुंब्रा में रहती थी। दंपति की दो बेटियां और एक बेटा है। आदेश में कहा गया कि अभियोजन पक्ष के अनुसार शादी के एक साल बाद से ही महिला के ससुराल वाले उसके साथ बुरा बर्ताव करने लगे और जमीन खरीदने के लिए उसके माता-पिता से 10 लाख रुपये की मांग को लेकर उसे (महिला) शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

अभियोजन पक्ष ने यह भी कहा कि आरोपियों ने मार्च 2014 में रंजनोली नाका के पास एक दुपट्टे की मदद से महिला का गला घोंट दिया और उसके शव को एक बोरे में डालकर एक नाले में फेंक दिया। बचाव पक्ष की ओर से पेश वकील एम. जेड. शेख और नदीम खान ने दावे का विरोध किया और दलील दी कि पीड़िता की मौत में आरोपियों की कोई भूमिका नहीं थी।



# कोरोना और इन्फ्लूएंजा से एक साथ जूझती ठाणे मनपा

## मनपा ने बैठक कर दिए सतर्क रहने का निर्देश

**ठाणे।** ठाणे में बढ़ते कोरोना और 'एच3एन2' इन्फ्लुएंजा के केसों ने मनपा की नींद उड़ा दी है. गुरुवार को शहर में कोरोना के 28 मरीज मिले और 82 वर्षीय एक मरीज की मौत भी हो गई। मरीजों की अचानक हुई बढ़ोतरी और एक मरीज की मौत ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. पिछले 15 दिनों में शहर में कोरोना के सक्रीय मरीजों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है, तो वहीं, पिछले कुछ दिनों से राज्य में 'ल्र३ठ२' इन्फ्लुएंजा के मरीज मिल रहे हैं, जिससे इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि ठाणे शहर में भी इस बीमारी ने जोर पकड़ लिया है. बताया जा रहा है कि शहर में इस बीमारी के छह मरीज मिले हैं। इसे देखते हुए नगर आयुक्त अभिजीत बांगड़ ने बैठक में आदेश दिए हैं कि कोरोना व इन्फ्लूएंजा से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था को सतर्क रहना चाहिए. आयुक्त बांगड़ ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में भले ही कोरोना व एच3एन2 के मामले पाए गए हों, लेकिन नगर निगम ने तत्काल रोकथाम के लिए पूरी तैयारी कर ली है और इस बीमारी के लक्षण पाए जाने पर नागरिक बिना विश्वास किए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें. किसी भी अफवाह और बिना किसी डर के किया है उन्होंने यह भी कहा कि यदि गले में खराश, बहती या भरी हुई नाक, बुखार, थकान जैसे लक्षण पाए जाते हैं, तो संबंधित व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करानी चाहिए और बीमारी को अपने ऊपर नहीं लेना चाहिए।

# मॉर्निंग वॉक पर निकली टेक फर्म की CEO, कार ने मारी टक्कर, हुई मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में सुबह सैर पर निकलने के दौरान एक महिला की जान चली गई। तेज रफ्तार की कार ने 42 वर्षीय महिला को टक्कर मार दी। यह घटना रविवार सुबह वर्ली सी फेस एरिया पर हुई। कार की टक्कर लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना वर्ली मिल्क डेयरी के पास सुबह 6 बजे के आस पास हुई है। महिला मुंबई की एक टेक कंपनी में सीईओ की पद पर कार्यरत थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जिस महिला की सैर पर निकलने के दौरान मौत हुई। वह मुंबई के दादर माटुंग इलाके के रहने वाली थी। उसका नाम राजलक्ष्मी राम कृष्णन है। हादसे की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की टक्कर लगने से महिला कई फीट ऊपर उछल गई थी। इसके बाद वह दूर जाकर गिर गई। महिला के सिर पर कई चोटे लगीं। इसके चलते उसकी तुरंत मौके पर मौत हो गई। सीईओ पर कार्यरत महिला अपनी फिटनेस को लेकर बेहद एक्टिव रहती थी। वह रोजाना सुबह दौड़ने के लिए निकलती थी। महिला की मौत की जानकारी पुलिस ने उनके पति को फोन कर के दी। रविवार सुबह ही पुलिस और महिला की दोस्त को फोन आया कि सिर पर चोट लगने से वह घायल हो गईं। इसके पति उसे अस्पताल लेकर पहुंचे वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कार की टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को पकड़ लिया। अब वह पुलिस के हवाले में है। ड्राइवर पर की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। ड्राइवर बहुत तेज कार चला रहा था। इसके चलते उसने सुबह सैर पर निकली महिला को टक्कर मार दी।

कार ड्राइवर की पहचान सुमेर मर्चेंट के रूप में हुई है। वह 23 साल का है। वह मुंबई के ताड़देव एरिया में रहता है। वह अपने दोस्त के साथ अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़ने शिवाजी पार्क की तरफ जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# मां का टोकना पसंद नहीं था.. हत्या कर लाश के 5 टुकड़े किए, 40 बोतल एयर फ्रेशनर से मिटाई बदबू

**मुंबई।** सगी मां की हत्या कर शव के पांच टुकड़े करने वाली बेटी ने मुंबई पुलिस की पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया है कि उसकी मां बिना बात के टोकाटाकी करती थी। इससे वह परेशान हो गई। वहीं जब उसकी मां की सीढ़ियों से गिर कर मौत हो गई तो आरोप लगने के डर से उसने मां के शव के पांच टुकड़े किए। मुंबई के लालबाग चॉल में रहने वाली आरोपी बेटी ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया कि दो महीने तक शव के टुकड़े घर में रखने से बदबू उठने लगी थी।

ऐसे में इस बदबू को खत्म करने के लिए उसने चाय की पत्ती, फिनायल और करीब 40 बोतल एयर फ्रेशनर का इस्तेमाल किया। मामले का खुलासा होने के अगले ही दिन पुलिस ने आरोपी बेटी रिंपल जैन को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आगे की पूछताछ के लिए वह फिलहाल सोमवार तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर है। आरोपी बेटी रिंपल ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मां की मौत होने के बाद उसने इंटरनेट पर शव का निस्तारण करने का तरीका ढूंढा और फिर वह पास की दुकान से मार्बल कटर खरीद कर लाई।

दो दिन तक शव घर में रखने के बाद जब बदबू उठने लगी तो उसने फिर इंटरनेट पर ही इसे मिटाने का तरीका ढूंढा और ऑनलाइन



चाय की पत्ती, फिनायल और एयर फ्रेशनर खरीद कर उसका इस्तेमाल किया। पुलिस के मुताबिक रिंपल ने अपने बयान में बताया कि पिछले साल 27 दिसंबर को ही उसकी मां सीढ़ियों से गिर कर बुरी तरह से जख्मी हो गई थी। वहीं इसके दो दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। रिंपल के बयान के मुताबिक मां की मौत से वह डर गई थी। उसे लगा था कि मां की हत्या का आरोप उसके ऊपर ही आएगा। इसलिए उसने अपनी मां के शव के पांच टुकड़े किए और पॉलिथीन में लपेट दिया था।

उसने पुलिस को बताया कि शव काटने के लिए वह मार्बल कटर खरीद कर लाई थी, लेकिन जब बॉडी पूरी तरह से नहीं कटी तो उसने चाकू का भी इस्तेमाल किया था। पुलिस ने इसी मामले में शुक्रवार को एक व्यक्ति का स्टेटमेंट रिकार्ड किया है। इस व्यक्ति को पुलिस ने लखनऊ से हिरासत में लिया था, लेकिन जरूरी पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस व्यक्ति का वारदात से अभी तक कोई सीधा संबंध नहीं मिला है। फिर भी उसे पुलिस को सूचना दिए बिना शहर छोड़ने से मना किया गया है। यह व्यक्ति पहले से रिंपल के संपर्क में था।

# मुंबई नहीं, मेरी मंजिल पूरा हिंदुस्तान

## दिव्य दरबार में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का ऐलान



**मुंबई।** तमाम राजनैतिक विरोध के बीच बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री न मुंबई में अपना दरबार लगाया। दिव्य दर्शन कार्यक्रम में बाबा बागेश्वर ने राजनैतिक विरोधियों को जवाब देते हुए कहा की कहा की महाराष्ट्र संतों की भूमि है और वह सभी संतो का सम्मान करते हैं। अपने समागम में बाबा ने संत तुकाराम का नाम जाप भी किया।बाबा बागेश्वर ने एक बार फिर मुंबई के स्टोन ग्राउंड से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा की हिंदू राष्ट्र का मतलब यह नहीं है की केवल हिंदू ही भारत में रहेंगे। उन्होने कहा की भारत में हर किसी को रहने का अधिकार है।

### भारत संतों की भूमि

मुंबई में दरबार के दौरान बाबा बागेश्वर ने कहा की महाराष्ट्र संतों और छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। उन्होंने कहा की भारत ऋषियों का देश है। जब तक मानव सभ्यता रहेगी तब तक संतो का चमत्कार चलता रहेगा। बाबा ने कहा की हमारे सनातन का सपना महाराष्ट्र से ही पूरा होगा।

### अंधविश्वास नहीं फैलाते

बाबा ने दावा किया की वह किसी भी तरह का अंधविश्वास नहीं फैलाते हैं। हमारा जो काम है वो हम करते रहेंगे। उन्होंने कहा की मुंबई नहीं, मेरी मंजिल अभी पूरा हिंदुस्तान है। पूरे भारत को राम का बनाना है। बता दें कि महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने बाबा बागेश्वर पर अंधविश्वास फैलाने का आरोप लगाया था। इसके बाद से कांग्रेस के अन्य नेता व कार्यकर्ता मुंबई में बाबा धीरेंद्र शास्त्री के दरबार का विरोध कर रहे थे।

### बाबा को पुलिस की नसीहत

बाबा के दिव्य दर्शन कार्यक्रम से पहले ही मुंबई पुलिस ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री को आगाह कर दिया था। मुंबई पुलिस ने बाबा को किसी भी तरह के विवादित बयान देने से मना किया साथ ही कार्यक्रम में किसी भी तरह का कोई भी परेशानी होती है तो उसके लिए बाबा को जिम्मेदारी उठाने को भी कहा।

# यह सब RSS का खेल...

## बागेश्वर बाबा के दरबार पर बोले राउत, केंद्र को भी निशाने पर लिया



**मुंबई।** उद्धव ठाकरे गुट के नेता और सांसद संजय राउत ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उद्धव ने कहा कि जब से केंद्र में बीजेपी सत्ता में आई है, संविधान और कानून को नहीं मान रही है। सीबीआई और ईडी के कार्यों में भी हस्तक्षेप किया जा रहा है। वहीं, राउत ने मुंबई में बाबा धीरेंद्र शास्त्री के लगने वाले दरबार पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिसने इस बाबा को बुलाया है, उसको समझना चाहिए। यह सब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का खेल है। धर्म के नाम पर आडंबर किया जा रहा है। संजय राउत ने कहा कि केंद्र सरकार की ये नीति है कि जो हमारी बातों को नहीं मानते, उन्हें शांति से जीने नहीं देंगे। अगर कोई बात मानता है तो उसे वो लोग राज्यपाल बना देंगे। इस देश में आज भी न्याय है। इसलिए वो सरकार के दबाव में झुकने की बात को स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं, राहुल गांधी की ओर से दिए बयान पर संजय राउत ने कहा कि राहुल माफी नहीं मांगेंगे। आखिर वह किसलिए माफी मांगे।

बता दें कि लंदन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने हाल ही में एक भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ जासूसी कराया जा रहा है। विपक्ष के कई नेताओं के मोबाइल में पेगासस (जासूसी करने वाला) साफ्टवेयर था। राहुल गांधी के इस बयान के बाद बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर हो गई थी। बीजेपी कई नेताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा था।

संजय राउत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग हमारी आवाज बंद करते हैं। आवाज को बंद करने के लिए यह लोग केस भी कर देते हैं। मेरे हिसाब से राहुल गांधी ने कोई गलत बात नहीं कही है। बता दें कि हाल के दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में काफी उठा-पटक देखने को मिला है। कोर्ट ने उद्धव गुट को झटना देते हुए शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न शिंदे गुट को सौंप दिया है।

### संजय राउत ने शिंदे सरकार पर साधा निशाना

इसके बाद संजय राउत ने शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि जनता इसका जरूर जवाब जाएगा। लोगों के दिलों में आज भी बाला साहेब जिंदा हैं।

## मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अपराध शाखा सेल 09 ने हासिल की सफलता!

# पकड़ा गया हत्या मामले का 7 साल से फरार आरोपी



**मीरा -भाईंदर :** पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत अपराध शाखा ०१ की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें हत्या मामले का ७ साल से फरार आरोपी पकड़ा गया है। बता दे कि पुलिस टीम ने आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर के लाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नयानगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत ०९/०७/२०१६ को प्रातः ०७.०० बजे नाम रईस रोशन अनवर हुसैन का पहले के विवाद को लेकर आरोपी शानू कालिया उर्फ शाहनवाज आयज अहमद, सोहेल शेख, नौशाद उर्फ अली इरशाद शेख खान और असद अहमद सिद्दीकी द्वारा हत्या कर सबूत को नष्ट किया गया। उक्त मामले को लेकर नयागनार पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया था, जो कि अपराध संख्या २२०/२०१६ में धारा ३०२, २०१, ४०४, ३४ के तहत मुकदम पंजीकृत हुआ था। इससे पहले १) शानू कालिया उर्फ शाहनवाज आयज अहमद, २) सोहेल शेख, ३) नौशाद उर्फ अली इरशाद शेख खान को नामूद अपराध में गिरफ्तार किया गया था और इस अपराध के आरोपी असद अहमद सिद्दीकी की तलाश जारी थी। उक्त गंभीर अपराध का वांछित अभियुक्त असद अहमद सिद्दीकी, जबकि गोपनीय सूचना प्राप्त होने के बाद कि वांछित अभियुक्त असद अहमद सिद्दीकी उत्तर प्रदेश राज्य के कौशांबी में रह रहा है। अपराध शाखा सेल ०१ काशीमीरा द्वारा समानांतर जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच सेल ०१ काशीमीरा पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे एस.फौ किशोर वादीले, पो. हवा पुष्पेंद्र थापा, सचिन सावंत, पो.एएम. प्रशांत विसपुते की टीम उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई, जिसके बाद आरोपी असद अहमद सिद्दीकी को १३/०३/२०२३ को जिला कौसुम्बी, राज्य उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अपराध में आगे की जांच नयानगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी कर रहे हैं। बता दे अविनाश अंबुरे, पुलिस उपायुक्त (अपराध), सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) अमोल मांडवे के मार्गदर्शन पर अपराध शाखा काशीमीरा सेल ०१ के पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे, सहायक पुलिस निरीक्षक कैलास टोकले, पुष्पराज सुर्वे, राजू तांबे, संदीप शिंदे, किशोर वाडीले, संजय पाटिल, संजय शिंदे, संतोष लांडगे, पुष्पेंद्र थापा, विजय गायकवाड़, प्रफुल्ल पाटिल, विकास राजपूत, सचिन सावंत, समीर यादव, प्रशांत विसपुते, सनी सूर्यवंशी और संतोष चव्हाण साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा की गई कार्रवाई में सफलता मिली।

## कश्मीर में रेप पीड़ितों पर दिए बयान

# राहुल से सवाल, कांग्रेस का बवाल

## कांग्रेस बोली– सावरकर समझ रखा... नाम है राहुल गांधी



**मुंबई :** दिल्ली में रेप पीड़ितों पर दिए बयान पर राहुल गांधी से सवाल पूछने पहुंची दिल्ली पुलिस को देख कांग्रेस गुस्से से लाल हो गई और कांग्रेसी बवाल करने लगे। फिलहाल दिल्ली पुलिस के नोटिस पर 10 पॉइंट में 4 पेज का जवाब दिया गया है। राहुल ने कहा कि क्या यह मेरी ओर से अड़ानी पर दिए गए बयान की वजह से हो रहा है। मैंने बयान 45 दिन पहले दिया था, जिस पर अब अचानक नोटिस देने की क्या जरूरत पड़ गई?

राहुल ने इस नोटिस पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए 8-10 दिन का समय मांगा है। वहीं, कांग्रेस ने ट्विटर पर लिखा, 'सावरकर समझा क्या... नाम-राहुल गांधी है।' कांग्रेस के इस ट्वीट को रिट्वीट करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 'कृपया महान आत्मा वीर सावरकर का अपमान न करें। हाथ जोड़कर विनती कर रहा हूं।'

कांग्रेस नेता की ओर से दिए गए शुरुआती जवाब पर दिल्ली पुलिस ने रिप्लाई दिया है। पुलिस ने कहा कि राहुल की ओर से दिए गए जवाब में कोई जानकारी नहीं दी गई है, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा सके।

दिल्ली पुलिस रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंची। करीब 2 घंटे बाद स्पेशल CP (लॉ एंड ऑर्डर) सागर प्रीत हुड्डा से राहुल मिले। स्पेशल CP ने बताया कि हमने राहुल गांधी से उनके बयान के संबंध में जानकारी मांगी है। राहुल गांधी ने कुछ वक्त मांगा है और कहा कि वो जानकारी देंगे। स्पेशल CP हुड्डा ने कहा- राहुल बोले कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वे बहुत सारे लोगों से मिले हैं। सारी कड़ियां जोड़ने में थोड़ा वक्त लगेगा। जरूरत पड़ी तो राहुल गांधी से आगे भी उनसे पूछताछ की जाएगी।

> **“ हाथ जोड़कर विनती कर रहा हूं, कृपया महान आत्मा वीर सावरकर का अपमान न करें।**
> ● किरेन रिजिजू

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार हमें डरा नहीं पायेगी। राहुल गांधी के घर पुलिस पहुंचने पर उन्होंने कहा, “पुलिस किस नियम के तहत 45 दिन पहले हुई भारत जोड़ो यात्रा का ब्यौरा लेने के लिए राहुल गांधी के आवास पर जा रही है। सरकार सोचती है कि वे जब चाहें हमारे घरों पर पुलिस भेज सकते हैं?”

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com